सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 340 | इंदौर, सोमवार 19 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Canada: कनाडा में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या, एक हफ्ते में दूसरे बड़े नेता की मौत
2. मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा: कांटो संबल और चिंगमंग में गोलीबारी, पांच घरों को जलाया; एक जवान भी घायल

# 'अपने' ही निकले मासूमों के 'कातिल'

## जिनके हाथों में बच्चों का लालन-पोषण उन्होंने ही ले ली जान



@ DGR विशेष

इंदौर। शहर में पिछले कुछ माह में ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें जिनके हाथों में बच्चों के लालन-पोषण की जिममेदारी थी, उन्होंने ही अपने कलेजों के टुकड़ों को मौत के घाट उतार दिया और सबसे ताज्जुब की बात यह है कि खौफनाक घटनाओं को अंजाम देने के बाद इन दरिंदों के चेहरे पर शिकन दिखाई नहीं दी। हालांकि पुलिस ने इन दरिंदों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है और अब सख्त से सख्त सजा दिलाने की तैयारी की जा रही है।

### ● पिता ने की दोबारा दुष्कर्म की कोशिश, विरोध किया तो कर दिया कत्ल

मई 2022 में 52 साल के पिता ने रिश्ते को कलंकित करने वाला मामला सामने आया था। आरोपी पिता ने अपनी ही 16 साल की बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। एक साल पूर्व इसी बेटी से दुष्कर्म कर चुका दरिंदा दोबारा दुष्कर्म की कोशिश करना चाहता था। वारदात शिप्रा थाना क्षेत्र के मांगलिया की है। न्यू बजरंग नगर में रहने वाला आरोपी पेशे से ट्रक ड्राइवर है। जिसने अपनी बेटी की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने इस अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### पिता बना बेटे का कातिल

14 मई 2023 को तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के लिम्बोदी में हुए 7 साल के मासूम प्रतीक मुंडे की उसके ही पिता शिशुपाल मुंडें ने बेरहमी से गला घोंटकर हत्या कर दी और फरार हो गया। दिल दहला देने वाले इस हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने 14 घंटे में ही सुलझाते हुए कातिल पिता को गिरफ्तार कर जब सख्ती से पूछताछ की तो चौंकानेवाला खुलासा हुआ। जिसके बाद पुलिस ने उसकी तीसरी पत्नी को भी गिरफ्त में ले लिया। दरअसल, शिशुपाल मुंडे ने तीन विवाह किये थे। उसकी पहली पत्नी का बेटा प्रतीक था। तीसरी पत्नी ममता प्रतीक को पसंद नहीं करती थी। शिशुपाल ने मदर्स डे पर प्रतीक की एक फोटो ममता के साथ अपने वॉट्सएप स्टेटस पर अपलोड कर दी थी। इस बात पर ममता ने शिशुपाल से जमकर विवाद किया था। उसने विवाद के बाद शिशुपाल से कहा था कि अब वह तय कर ले कि उसे क्या करना है। अब इस घर में या प्रतीक रहेगा या ममता रहेगी, उसे प्रतीक का जो भी करना है कर दे, उसे रस्ते से हटाए, मारे या फेंके। प्रतीक जब घर से हट जाएगा, उसके बाद ही वह घर पर आएगी। ममता डिलीवरी के बाद से अपने मायके राजगढ़ में ही रह रही थी। ममता से विवाद के बाद शिशुपाल ने उस रात ही कुछ बड़ा करने की ठान ली थी। अक्सर प्रतीक अपनी दादी के साथ नीचे सोता था। उस रात शिशुपाल ने प्रतीक को अपने साथ कूलर में सुलाने का लालच दिया और अपने साथ ऊपर ले गया। शिशुपाल ने अपने कमरे में पलंग के सहारे मोबाइल का वीडियो कैमरा चालू करके रखा और वीडियो बनाता रहा। बाप से हत्यारे बने पिता शिशुपाल ने बच्चे से पूछा कि उसे उसकी मां ( ममता) प्यार करती है या नहीं, दुलार करती है या नहीं ? इस पर बच्चे ने मना कर दिया? इसके बाद उसने बच्चे को जान से खत्म करने का मन बना लिया और उसकेसाथ खेलते हुए बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने बच्चे का गला तब तक दबाकर रखा, जब तक उसके शरीर में छटपटाहट थी।

### ● हैवान पिता ने किया रेप

जुलाई 2022 लसूडिय़ा थाना क्षेत्र में 13 साल की नाबालिग के साथ उसके पिता ने ही दुष्कर्म किया। अपनी मां को पिता की हरकत बताने के बाद नाबिलग बेटी ने अपनी मां के साथ लसूडिय़ा थाने पर जाकर इसकी शिकायत की। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पिता अपनी 13 साल की बेटी के साथ पिछले कई दिनों से दुष्कर्म कर रहा था। पुलिस ने बलात्कार की धारा में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### हैवान पिता ने मासूम बेटी को मार डाला

शहर में दरिंदे पिता की हैवानियत का एक और मामला 3 जून 2023 को सामने आया। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के ऋषि पैलेस इलाके में रहने वाली 8 साल की मासमू संध्या की उसके पिता राकेश काजलिया ने पटक-पटककर जान ले ली। दरिंदे पिता को पुलिस ने घटना केतत्काल बाद ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी उस समय होश में नहीं थी। दूसरे दिन जब होश आया तो कहा कि बच्ची से परेशान हो गया था, इसलिए पटक-पटककर हत्या कर दी। उसने बताया कि पत्नी तीन साल पूर्व छोड़ कर चली गई थी। चकला-बेलन बनाकर गुजारा चला रहा था। संध्या भी साथ में काम करती थी। वह बार-बार परेशान करती थी। बाहर ले जाने की जिद करती थी। शाम को ठान लिया था कि अब उसको खत्म कर देना है। पहले पानी पतासे खिलाने के लिए ले गया। बाद में कोल्ड ड्रिंक दिलाने के बहाने सिरपुर तालाब की तरफ ले गया। गुरुशंकर नगर में खाली प्लाट मिल गया। वहां पत्थर और फशिंयां पड़ी थीं। बच्ची को फर्शियों पर ही पटक-पटक मार दिया। संध्या की हत्या के बाद द्वारकापुरी पुलिस जब उसके घर पहुंची तो दादी नर्मदा बाई ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। संध्या कपड़ा, खाना और खिलौने मांगती थी। उसका पिता उसे मारने की धमकी देता था। पुलिस ने वास्तविकता के लिए घर की तलाशी ली तो घर में आटा भी नहीं था। डिब्बे भी सड़ चुके थे। दादी नर्मदा ने बताया कि राकेश की गिरफ्तारी के बाद उसके पास पौती के अंतिम संस्कार के लिए भी पैसे नहीं है। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने खुद उसकी मदद की।

## 4 साल के मासूम का हत्यारा परनाना

शिप्रा थाना क्षेत्र में 8 अप्रैल को हुई 4 साल के मासूम श्रेयांस चौधरी की हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को खासी मशक्कत करना पड़ी, लेकिन जब इस मामले का खुलासा किया तो सभी चौंक गए। 85 साल के परनाना मासूम बच्चे का हत्या निकाला। मामला शिप्रा थाने के कदावली गांव का है। 8 अप्रैल को श्रेयांश की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। शुरूआत में बच्चे की मौत हार्ट अटैक से होने की जानकारी सामने आई थी। लेकिन शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में डॉ. जितेंद्र ने पुलिस को दम घुटने से मौत होने की जानकारी दी। इस मामले में पुलिस ने पहले दिन से ही परिवार वालों पर नजर रखी। ग्रामीण एसपी हितिका वासल ने बताया कि 24 साल की नीतू की शादी देवास के सुतारखेडी में सुमित चौधरी से हुई थी। श्रेयांश के जन्म के करीब ढाई साल बाद सुमित और नीतू अलग हो गए थे। तब से ही वह अपने मायके में रह रही थी। वह पीएससी की तैयारी में जुटी थी। नीतू के दादा यानी श्रेयांश के परनाना शोभाराम को लगता था कि श्रेयांश के कारण नीतू ना तो ठीक से पढ़ाई कर पा रही है और ना ही उसकी दूसरी शादी हो पा रही है। वह जब कोचिंग जाती थी, तब भी श्रेयांश को संभालने की जिम्मेदारी परनाना शोभाराम पर होती थी। आरोपी को यह भी लगता था कि श्रेयांश बड़ा होकर प्रॉपर्टी में हिस्सा मांगेगा। घटना वाली रात नीतू कमरे में पढ़ाई कर रही थी और श्रेयांश मोबाइल में कार्टून देख रहा था। कार्टून देखते-देखते वो सो गया। करीब साढ़े दस बजे के आसपास नीतू ने देखा कि बेटा सो गया है। वह बेटे को अपने कमरे से लेकर नीचे पहुंची और परनाना शोभाराम के पास सुला दिया। यहीं पर शोभाराम ने मासूम की कपड़े से मुंह दबाकर हत्या कर दी थी।

● शेष पेज 4 पर

# खजराना गणेश की 40 दानपेटियों से निकले 1.81 करोड़ रुपए

● हनुमान जी को पहनाई 5 लाख के नोटों की माला, 4 मंदिरों को 10 क्विंटल चांदी से सजाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खजराना गणेश मंदिर से लाखों लोगों की आस्था जुड़ी है। रोजाना हजारों भक्त भगवान के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेने आते हैं। मंदिर में पिछले दस दिनों से दान पेटियों से निकली राशि की गिनती का काम जारी है। अब तक 1 करोड 81 लाख रुपए की राशि बैंक में जमा की जा चुकी है। मंदिर में आगामी एक-दो दिन राशि गिनने का काम जारी रहेगा।**

खजराना गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी पं. अशोक भट्ट ने बताया कि पिछले दस दिनों से मंदिर की दान पेटियों से निकली राशि की गणना की जा रही है। मंदिर में रखी सभी 40 दान पेटियां खोली जा चुकी है। नगर निगम के कई अधिकारी और कर्मचारी इस काम में लगे है। खास बात यह है कि दान पेटियों में अब तक कई लेटर भी निकले है, जिसमें भक्तों ने अपने मनोकामना लिखी। इन लेटर को भगवान को चरणों में अर्पित किया जाता है। इसके अलावा विदेशी करेंसी के साथ ही चांदी के जेवरात भी दान पेटियों में निकल चुके है।

### एक-दो दिन जारी रहेगी गिनती

पं. भट्ट के मुताबिक दान पेटियों से अब तक 1 करोड़ 81 लाख रुपए बैंक में जमा किए जा चुके है। मंदिर की दान पेटियों से निकली चिल्लर की गिनती का काम मंदिर में किया जा रहा है, जो अगले एक-दो दिन तक जारी रहेगा। नगर निगम के 20 अधिकारी व कर्मचारियों के साथ ही मंदिर प्रबंधन समिति के 15 लोग दान पेटियों से निकली राशि गिनने के काम में लगे है।

## महिला सशक्तिकरण के लिए महिला आरक्षण आवश्यक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । देश में महिला सशक्तिकरण की बातें तो बहुत करते हैं लेकिन उस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की जाती है । यदि हम हकीकत में महिलाओं का सशक्तिकरण चाहते हैं तो यह आवश्यक है कि महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल मंजूर कर लागू किया जाएं । इस आरक्षण के माध्यम से महिलाओं को फैसला लेने की प्रक्रिया में सहभागी बनाया जा सकेगा। यह विचार इंदौर शहर की बुद्धिजीवी महिलाओं के द्वारा डेवलपमेंट फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित की गई परिचर्चा में व्यक्त किए गए । सबसे पहले फाउंडेशन के ट्रस्टी आलोक खरे के द्वारा इस आयोजन के मकसद पर प्रकाश डाला गया । उन्होंने कहा कि संसद में पिछले 20 सालों से महिला आरक्षण विधेयक लंबित पड़ा हुआ है । अब आवश्यक है कि इस विधायक के बारे में नीति निर्धारकों के द्वारा अंतिम फैसला लिया जाएं । इसके बाद फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकुंद कुलकर्णी ने विषय प्रस्तावना करते हुए कहा कि जब पंचायत और नगर निगम में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था है तो फिर विधानसभा और लोकसभा में क्यों नहीं है ? यह सबसे बड़ा प्रश्न है । इस परिचर्चा को संबोधित करते हुए पूर्व कुलपति डॉ निशा दुबे ने कहा कि महिला आरक्षण का मामला वर्ष 1996 से चल रहा है । पहली बार देवगौड़ा सरकार के कार्यकाल में यह विधेयक चर्चा में आया था । यदि हम वैदिक युग की बात करें तो उस समय पर महिलाओं की स्थिति हमारे समाज में बहुत अच्छी थी । उसके बाद से महिलाएं पिछड़ने लगी ।

## हम रखेंगे आपके दिल का ख़्याल 21 जून को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। निशा जोशी योग अकादमी एवं योग गंगा योगिक, वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक अनुसंधान संस्थान इंदौर द्वारा 21 जून 2023 अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर निःशुल्क योग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विषय - स्वस्थ ह्रदय के लिए योग सब थीम हैं हम रखेंगे आपके दिल का ख़्याल रखा गया है । यह कार्यक्रम खजराना गणेश मंदिर, नई पार्किंग परिसर में किया जा रहा है, जिसका समय प्रातः 6:00 से 7:30 रखा गया है । डॉ. निशा जोशी का कहना हैं की वर्तमान समय में छोटे बच्चों से लेकर टीन एज , वृद्धों तक हर उम्र के लोगों में ह्रदय रोग हो रहे हैं, कई व्यक्तियों की ह्रदय रोग के कारण असामयिक मृत्यु हो रही है। इन ह्रदय रोगों का बचाव करना जरूरी है । इस उद्देश्य को पूर्ण करते हुए डॉ निशा जोशी का कहना है कि ह्रदय रोगों में बचाव करने में योग बहुत कारागार सिद्ध होता है। अगर व्यक्ति नियमित रूप से योग करता है, एवं योग में भी साइंटिफिक वे में योग थेरेपी करता है तो व्यक्ति ह्रदय रोगों से अपना बचाव कर सकता है जैसे कि हाई बी.पी., लो बी.पी.,कोलेस्ट्रॉल होने वाला कार्डियक अरेस्ट (ह्रदयाघात) जैसी कई ह्रदय से संबंधित नई बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

## जुआकांड में रिश्वत लेने वाले विजय नगर थाने के एसआई और सिपाही निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नाबालिग को जुआकांड में फंसाने की धमकी देकर रिश्वत लेने वाले विजय नगर थाने के एसआइ संजय धुर्वे और सिपाही मुकेश लोधी को डीसीपी जोन-2 अभिषेक आनंद ने निलंबित कर दिया है। डीसीपी ने थाने से सीसीटीवी फुटेज भी निकलवा लिए हैं।**

विजय नगर थाना के पुलिसकर्मियों ने तीन बच्चों को पकड़ा था। आरोप लगाया कि बच्चे मेघदूत चौपाटी पर आनलाइन जुआ खेल रहे थे। एक बच्चे के पिता की कोरोना में मृत्यु हो गई है। उसके चाचा आशीष जादौन से एसआइ धुर्वे ने 20 हजार रुपये मांगे। आशीष ने एटीएम से रुपये निकालकर रिश्वत दी।

सीसीटीवी फुटेज में दिखे रुपये देते हुए

इसके बाद आशीष जादौन ने पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर को शिकायत कर दी। अफसरों ने जांच करवाई और थाने के सीसीटीवी फुटेज निकाले गए। आशीष रुपयों से भरा बैग देते हुए नजर आ गया। शनिवार को डीसीपी ने दोनों को निलंबित कर दिया। पकड़ने वाले खुफिया सेल के पुलिसकर्मियों की जांच चल रही है।

## छह रेनबसेरों के निकले टेंडर, एनजीओ और एजेंसियों से मांगे आवेदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रेनबसेरों में अनियमितताओं को लेकर निगम को लगातार शिकायतें मिल रही थी। इसके चलते निगम ने छह रेनबसेरों के संचालन के लिए टेंडर बुलाए हैं। इसमें एनजीओ और एजेंसियों से आवेदन मांगे हैं। इसी माह टेंडर होने के बाद अगले माह से संचालन की प्रक्रिया ठेका लेने वाला पूरा करेगा। शहरी उपशमन विभाग अधीन आने वाले छह रेनबसेरे खजराना, सुखलिया, सामाजिक न्याय परदेशीपुरा, टीबी हॉस्पिटल, झाबुआ टॉवर और पलसीकर कॉलोनी के संचालन व सफाई व्यवस्था के लिए टेंडर बुलाए हैं। यह टेंडर पांच वर्ष की अवधि के होंगे। पूर्व में जांच के दौरान यहां कई अनियमितताएं मिली थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह निर्णय लिया गया है। अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शहर के विभिन्न स्थानों पर 10 रेनबसेरे खोले गए थे। इनका संचालन एनजीओ के पास है। पांच वर्ष की अवधि के लिए रेनबसेरे अलग-अलग एनजीओ को दिए गए हैं। रेनबसेरा में तीन-चार कर्मचारी अलग-अलग शिफ्ट में काम करते हैं। यहां महिला-पुरुषों के लिए अलग से विश्राम की व्यवस्था रहती है। बाहर से आकर ठहरने वाले मुसाफिरों के भोजन के लिए इनके पास ही दीनदयाल रसोई योजना भी संचालित की जा रही है। इस योजना में हितग्राही को 10 रुपए में भरपेट भोजन दिया जाता है। पिछले दिनों विभाग के प्रभारी ने निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाई थी, जिसकी शिकायत महापौर पुष्यमित्र भार्गव को की गई थी। शिकायत के बाद से ही टेंडर बुलाने पर काम चल रहा था।

## बिछेगी नर्मदा लाइन, गंदा पानी और जलसंकट से मिलेगी निजात

**इंदौर।** नर्मदा प्रोजेक्ट की महती योजना अमृत 2 की 1668 करोड़ रुपए की डीपीआर की फाइल शासन स्तर पर लंबित है. फाइल कब स्वीकृत होगी, इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। लेकिन, नलों में गंदा पानी आने और हर साल जलसंकट बनने से निजात दिलाने अब जनप्रतिनिधि अपनी निधि का उपयोग करने लगे हैं। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 में आने वाले आबादी बहुल सोमनाथ की चाल की सुध ली है. यहां की पुरानी लाइन को बदलकर नई लाइन बिछाई जाएगी। इस कार्य पर सवा करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह राशि विधायक निधि और निगम के राजस्व से मिलेगी। लाइन कितने वर्ग किलोमीटर की परिधि में बिछाई जाना है।

कटाक्ष




## योग दिवस पर खेल प्रशाल में होगा महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को रेसकोर्स रोड स्थित खेल प्रशाल में निःशुल्क योग महोत्सव होगा। इसमें बड़ी संख्या में योग साधक हिस्सा लेंगे। देश के विभिन्न शहरों से आए योगाचार्य और शहर के जनप्रतिनिधि और राजनेता भी शामिल होंगे। सुबह 6.30 बजे होने वाले इस महोत्सव में शहर के सभी वर्गों के प्रतिनिधि भी आमंत्रित किए गए हैं। योग में दिलचस्पी रखने वाले 2 हजार से अधिक साधक इस महोत्सव में योग की विभिन्न क्रियाओं का प्रशिक्षण लेकर उनका प्रदर्शन भी करेंगे।**

बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के चेयरमैन विनोद अग्रवाल एवं समाजसेवी प्रेमचंद गोयल ने बताया कि पिछले करीब 15 दिनों से इस योग महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सार्थक बनाने के लिए इस महोत्सव में सांसद शंकर लालवानी, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, विधायक आकाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया एवं क्षेत्र के विधायक महेन्द्र हार्डिया भी न केवल इस महोत्सव में स्वयं शामिल होंगे, बल्कि सोशल मीडिया पर आम नागरिकों से अपील भी कर रहे हैं कि वे 21 जून को अभय प्रशाल के सभागृह में होने वाले इस महोत्सव में जरूर भाग लें।

# इस्कॉन की जगन्नाथ रथयात्रा का न्यौता देने श्री श्रीविद्याधाम से निकली प्रभातफेरी

**● बटुकों ने आचार्यों के निर्देशन में मंगलाचरण के बीच मिनी रथ को हाथों से खींचकर किया शुभारंभ**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) की 25 जून को निकलने वाली रथयात्रा का न्यौता शहर के आम भक्तों को देने हेतु आज से प्रभातफेरियों का सिलसिला शुरू हो गया है। सुबह विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर वेदपाठी बटुकों ने आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में स्वस्ति वाचन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सुसज्जित मिनी रथ को प्रभातफेरी के लिए बिदा किया। बटुकों, भक्तों और संतों ने रथ को अपने हाथों से खींचा। हंसदास मठ के महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं इस्कॉन मंदिर इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभुजी के सानिध्य में रथ में विराजित ठाकुरजी के विग्रह का जगह-जगह पूजन कर भक्तों पर पुष्प वर्षा भी की गई। रथयात्रा संयोजक हरि अग्रवाल एवं प्रभातफेरी व्यवस्थापक पिंकी-संजय त्रिवेदी ने बताया कि इस अवसर पर श्री श्रीविद्याधाम के आचार्य पं. प्रशांत अग्निहोत्री, आचार्य पं. राहुल शर्मा, इस्कॉन मंदिर के संत स्वामी अच्युत गोपालदास, राधेमोहन दास, अद्वेत प्राणदास, गिरधर गोपालदास, महाकालेश्वर दास, रणवीरदास एवं कुशाग्र सहित सैकड़ों भक्त, मातृशक्ति एवं इस्कॉन गुरूकुल विद्यार्थी भी मौजूद थे।

## हजारों युवाओं ने नशा न करने की शपथ ली

**इंदौर**। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अन्नू गेहलोत ने बताया पिछले कई दिनों से नशा मु क्ति अभियान चला रहा है उसी के क्रम में रविवार को परदेसीपुरा स्थित कनकेश्वरी सभाग्रह में इंदौर विभाग संगठन मंत्री अभिषेक उदेनिया ने कहा कि - नशे के खिलाफ बजरंग दल मैदान में है युवा देश का भविष्य है उन्हें बजरंग दल किसी भी कीमत पर नशे की लत में नही आने देगा समाज और मीडया हमारे इस आंदोलन में सहयोग दे रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे गन्नी चौकसे युवाओं को नशा न करने की एवम नशे के मादक पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई कार्यक्रम मुख्य अतिथि दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष महेंद्र जैन अध्यक्षता डॉ अभिषेक शुक्ला ने की प्रकाश कृष्ण, सुभाष अग्रवाल रवि चौकसे, ऊतम बडिया जयेश मौर्य,योगेश प्रजापत, मनोज प्रदीप जी कुमावत काश हेडवे राहुल राठौड़ राजेंद्र शर्मा विनोद प्रजापत एवम बड़ी संख्या में प्रोफेसर, काउंसलर समाज प्रमुख विद्यार्थी एवं युवावर्ग शामिल हुआ।

# कारखाना श्रमिकों को बताए नशे के दुष्परिणाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत इंदौर पुलिस की टीम औद्योगिक इकाइयों और आगनवाड़ी केंद्र में पहुंची। वहां श्रमिकों और महिलाओं को नशे और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। साथ ही साइबर पाठशाला भी लगाकर साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए। इंदौर पुलिस की ओर से नशामुक्ति पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम और कार्यशाला के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस की ट्रेङ्क्षनग एवं अवेयरनेस सेल की टीम उद्योग नगर पालदा स्थित औद्योगिक इकाई जेपीका पेंट प्रायवेट लिमिटेड और श्रीनाथ मल्टीट्रेड प्रायवेट लिमिटेड के साथ ही इंद्र नगर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र और क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल के समाप आंगनवाड़ी सेंटर पर भी पहुंची। पुलिस टीम ने महिला और पुरुष कामगारों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को इंदौर पुलिस की विभिन्न हेल्पलाइन और नार्को हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दी। सभी को नशे से दूर रहने की समझाइश देते हुए नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान साइबर पाठशाला का आयोजन भी किया गया। उन्हें विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड और सोशल मीडिया का दुरुपयोग और इनसे बचने के लिए सावधानीपूर्वक इनका इस्तेमाल करने के बारे में जानकारी दी गई। कहा गया कि अपनी निजी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से शेयर नहीं करें।



# ऑनर किलिंग- बेटी और उसके प्रेमी की हत्या, शव चंबल में फेंके

**● युवती के पिता ने दी थी धमकी- लड़के को समझा लो, नहीं तो अच्छा नहीं होगा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अंबाह।** मुरैना के अंबाह में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने अपनी बेटी और उसके प्रेमी की हत्या कर दी। दोनों के शव चंबल नदी में फेंक दिए। रविवार को पुलिस चंबल नदी के रेह घाट पर पहुंची। फिलहाल, एसडीआरएफ की टीम चंबल नदी में शवों को तलाशने में जुटी है।

अंबाह के रतन बसई गांव में रहने वाली शिवानी तोमर (18) और पुरा बरबाई के राधेश्याम तोमर (21) एक-दूसरे से प्रेम करते थे। दोनों 3 जून से लापता थे। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस 15 दिन से दोनों की तलाश कर रही थी। युवक के परिवार वालों के आशंका जताने के बाद एसडीओपी परमाल सिंह मेहरा ने युवती के परिजनों से पूछताछ की। शनिवार को उन्होंने हत्या करना स्वीकार कर लिया। युवती के पिता ने 1 जून को युवक के परिजनों को धमकी भी दी थी।

### पहले भी भागे थे दोनों, यूपी में मिले थे

शिवानी और राधेश्याम 6 मई को भी घर से भागे थे। तलाश करने पर 11 मई को वे उत्तर प्रदेश के लखना गांव में मिले थे। तब पुलिस ने दोनों को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। राधेश्याम के भाई घनश्याम सिंह तोमर ने बताया कि 1 जून को शिवानी के पिता ने उन्हें कॉल कर धमकी दी थी कि अपने भाई को समझा लो। उसे गांव से दूर भेज दो नहीं तो अंजाम ठीक नहीं होगा। इसके बाद 3 जून को मेरा भाई और शिवानी लापता हो गए। हम उन्हें तलाश कर रहे थे। पुलिस को इस धमकी के बारे में बताया तो उन्होंने शिवानी के पिता से पूछताछ की। उन्होंने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया।

# बीजेपी विधायक ने अपनी पार्टी के सांसद को कहा राक्षस

**● खुले मंच से दी चेतावनी- सुधर जाएं वर्ना मैहर में घुसने नहीं देंगे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना। सागर के बाद अब सतना में बीजेपी नेताओं के बीच आपसी कलह सामने आया है। मैहर से बीजेपी विधायक नारायण त्रिपाठी ने खुले मंच से अपनी ही पार्टी के सतना से बीजेपी सांसद गणेश सिंह को खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्हें राक्षस तक कह डाला। साथ ही उन्हें मैहर में घुसने नहीं देने की चेतावनी भी दी है।**

बीजेपी विधायक ने सांसद को राजनीतिक प्रोटोकॉल का पालन करने और घमंड छोडऩे की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि ऐसे ही राक्षसों के लिए मैं राजनीति में आया हूं। मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे और सुधार न हुआ तो सांसद का मैहर में प्रवेश बंद कर देंगे।

नारायण त्रिपाठी रविवार को अपने जन्मदिन के मौके पर मैहर के सिविल अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर का लोकार्पण करने पहुंचे थे। कार्यक्रम में उन्होंने आरोप लगाए कि सांसद गणेश सिंह ने लोकार्पण रोकने की कोशिश की। वे हर काम में टांग अड़ाने की कोशिश करते हैं। जब लोकार्पण की सभी तैयारियां पूरी हो गईं, और हम वहां पहुंचे तो सांसद ने अधिकारियों को फोन पर कहा कि लोकार्पण मंत्री करेंगे, लेकिन कब कौन मंत्री करेंगे यह नहीं बताया।

### इसलिए शुरू हुआ था विधायक-सांसद में शीतयुद्ध

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के गणेश सिंह और कांग्रेस के अजय सिंह राहुल के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था। उस वक्त नारायण कांग्रेस से विधायक थे। उन्होंने ऐन वक्त पर भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह का समर्थन कर दिया था, जिसके बाद सतना की चुनावी फिजा ही बदल गई थी और अजय सिंह राहुल को हार का सामना करना पड़ा था। बाद में नारायण ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया और 2016 के उपचुनाव में वे भाजपा से विधायक चुने गए। इस बीच गणेश सिंह और नारायण त्रिपाठी के बीच शीत युद्ध भी शुरू हो गया, जो अब भी जारी है।

## घर से भागे प्रेमी जोड़े ने खाया जहर

**● प्रेमी की मौत, प्रेमिका अस्पताल में भर्ती**

**ग्वालियर।** घर से भागे प्रेमी जोड़े ने आत्महत्या करने के लिए आधी रात को चूहे मारने की दवा खा ली। इसमें प्रेमी की तो इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई, जबकि प्रेमिका का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी भी हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्वालियर के गिरवाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिद्ध बाबा की पहाडिय़ा के पास रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी दो दिन पहले 16 जून को लापता हो गई थी। किशोरी के स्वजनों ने पास में ही रहने वाले सूरज कुशवाह उम्र 22 वर्ष पर उसे बहला-फुसलाकर ले जाने का संदेह जताया था। गिरवाई थाना प्रभारी रघुवीर मीणा ने बताया कि किशोरी के स्वजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। दोनों की तलाश चल रही थी।

## कलेक्टर-कमिश्नर के ध्वज प्रणाम पर भड़की कांग्रेस

**● दिग्विजय, तन्खा ने पूछा-क्या चीफ सेक्रेटरी लेंगे एक्शन**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** सतना में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में कलेक्टर अनुराग वर्मा और नगर निगम आयुक्त राजेश शाही की मौजूदगी ने सियासी विवाद पैदा कर दिया है। कांग्रेस ने दोनों अफसरों की ध्वज प्रणाम करते हुए तस्वीर शेयर कर उन पर एक्शन लिए जाने की मांग की है। वहीं, दोनों अधिकारियों ने इसको लेकर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है।

कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने रविवार को ट्विटर पर यह तस्वीर शेयर की। इसमें सतना कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त संघ के सदस्यों के साथ ध्वज प्रणाम करने की मुद्रा में खड़े दिख रहे हैं। सांसद ने लिखा- सतना में संघ के कार्यक्रम में शामिल होकर ध्वज प्रणाम करने की तस्वीर सतना कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त की है! ऐसे रिश्तों से लोक अधिकारी निष्पक्ष चुनाव कैसे करा पाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग ऐसे सभी अधिकारियों को चुनाव संबंधित तैयारियों से दूर रखे।

### राजनीति की तो सितारे गर्दिश में आएंगे

तन्खा ने आगे लिखा- मध्यप्रदेश के चीफ सेक्रेटरी से अपेक्षा है कि ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करें। क्या चीफ सेक्रेटरी ऐसा करेंगे? उनको रिटायरमेंट के पश्चात दूसरा एक्सटेंशन दिया गया है। राज्य की 8 करोड़ जनता अधिकारियों से निष्पक्षता की अपेक्षा करती है। जो अधिकारी राजनीति करेंगे, उनके सितारे गर्दिश में जरूर जाएंगे।

## 13 फीट लंबे अजगर का रेस्क्यू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी।** बड़वानी के राजपुर रेंज के वन ग्राम झोल पिपरी में एक किसान के खेत से वनकर्मियों ने 13 फिट लंबे अजगर का रेस्क्यू किया है। अजगर का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। वन परिक्षेत्र राजपुर के अंतर्गत आने वाली सबरेंज अंजड़ के ग्राम झोल पिपरी में सुनील पाटीदार के खेत के पाइप में अजगर मिलने की सूचना मिली। इसके बाद वन अमले की टीम मौके पर पहुंची। यहां से करीब 13 फिट का अजगर खेत में लगे पाइप में बैठा हुआ था। अजगर का वन कर्मचारियों ने सफल रेस्क्यू किया गया रेस्क्यू के बाद अजगर को बावनगजा के जंगल में छोड़ दिया गया।

# प्रदेश का पहला पंप स्टोरेज प्लांट

**इंदिरा सागर डैम पर लगेगा 525 मेगावाट का प्रोजेक्ट, पीक आवर्स में जनरेट होगी 1226.93 मिलियन यूनिट बिजली**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** बिजली संकट से निपटने के लिए मध्यप्रदेश में पहली बार पंप स्टोरेज प्लांट स्थापित किया जा रहा है। 525 मेगावाट का यह प्लांट इंदिरा सागर डैम के पास बनेगा। इसकी लागत करीब 4200 करोड़ रुपए अनुमानित है और यह 2030 तक तैयार हो जाएगा।

इस परियोजना से पीक आवर्स के दौरान 1226.93 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। खास बात यह है कि इस प्लांट के लिए ओंकारेश्वर और इंदिरा सागर दोनों जलाशयों का पानी लिया जाएगा।

### पानी लाने के लिए बनेगा नहरनुमा चैनल

अब सवाल यह उठता है कि ओंकारेश्वर डैम तो इंदिरा सागर के निचले हिस्से में स्थित है, फिर इसके बैकवाटर से पानी कैसे लिया जा सकता है? दरअसल, ओंकारेश्वर डैम के बैकवाटर और इंदिरा सागर जल विद्युत परियोजना के टरबाइन से निकलने वाले पानी को एक जगह इक_ा किया जाएगा।

ओंकारेश्वर डैम के बैकवाटर से पानी लाने के लिए एक नहरनुमा चैनल बनेगा, जो 45 मीटर गहरा, 22 मीटर चौड़ा और करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा होगा। दोनों जलाशयों के पानी से बिजली बनाने के लिए करीब 84 हेक्टेयर वन भूमि अधिग्रहित की जाएगी।

### डीपीआर, परमिशन और निर्माण में 7 साल लगेंगे

एनएचडीसी के एमडी वीके सिन्हा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार होने में करीब एक साल का समय लगेगा। इसके बाद केंद्रीय विद्युत और जल बोर्ड के अलावा वन विभाग की परमिशन मिलने में सालभर और लग जाएगा। पंप स्टोरेज स्थापित होने में 5 साल का समय लगता है। इस हिसाब से 2030 तक प्रोजेक्ट पूरा हो सकेगा।

सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में इलेक्ट्रिसिटी की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना की शुरूआत की जा रही है। इससे पीक आवर्स के दौरान 1226.93 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग ने यह परियोजना एनएचडीसी को आवंटित की है। इंदिरा सागर बांध के पास 4200 करोड़ रुपए की लागत से परियोजना का निर्माण होगा। डीपीआर बनने के बाद लागत बढ़ भी सकती है। यह बजट एनएचडीसी स्वयं खर्च करेगा। हमारे पास पर्याप्त फंड है।

### दिन में बचने वाली बिजली काम में लेंगे

सौर ऊर्जा से बनने वाली बिजली धूप के समय मिलती है, जबकि डिमांड शाम से रात तक ज्यादा होती है। दिन में मांग कम होने पर बचने वाली बिजली से स्टोरेज पंप द्वारा पानी ऊपरी जलाशय में चढ़ाया जाएगा। इसके बाद शाम को यही पानी छोड़कर बिजली बनाई जाएगी।

साल 1890 में इटली में इस तकनीक का उपयोग किया गया। इसके बाद 1930 से अमेरिका में यह सिस्टम इस्तेमाल किया जा रहा है। अभी अमेरिका की पंप स्टोरेज क्षमता 2 गीगावाट है, जो दोगुनी की जाएगी। अमेरिका में 43 पीएसएच प्लांट काम कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ला ने बैटरी आधारित पावर स्टोरेज का प्लांट लगाया है। भारत में इस तकनीक का उपयोग ऐसी जगह किया जा रहा है, जहां दो जलाशयों के बीच की दूरी कम है। करीब 25 साल पहले तमिलनाडु में पंप स्टोरेज प्लांट को सफलता मिल चुकी है।

### खंडवा जिले में दो स्टेशन, पूरी बिजली प्रदेश को

बता दें कि मध्यप्रदेश में 11.2 गीगावाट पंप भंडारण परियोजनाओं की ही क्षमता है। फिलहाल, खंडवा जिले में दो पावर स्टेशन हैं। इंदिरा सागर पावर स्टेशन से 1000 मेगावाट और ओंकारेश्वर पावर स्टेशन से 520 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इस पूरी बिजली की आपूर्ति प्रदेश को ही की जाती है।

**'अपने' ही निकले मासूमों के... प्रथम पेज का शेष**

### तीनों गंभीर अपराध, सख्त सजा की तैयारी

तीनों ही गंभीर अपराध हैं। पुलिस ने आरोपियों को सख्त सजा दिलवाने की तैयारी की है। शिप्रा टीआई गिरिजाशंकर महोबिया जांच के सारे सबूतों को जुटाने के बाद जल्द ही चालान पेश करने की तैयारी में हैं। तेजाजी नगर टीआई आरडी कानवा ने प्रतीक की हत्या के मामले में सारे सबूत पहले दिन ही इक_ा कर लिए थे। चुराए गए जेवर से लेकर घर में जो वस्तुएं मिली थीं, वो शामिल हैं। द्वारकापुरी टीआई अलका मेनिया ने भी करीब डेढ़ सौ सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने के बाद गवाह और मौके से जो जब्त हुआ है उसी आधार पर जल्दी सजा दिलवाने का दावा किया है। माना जा रहा है कि दो महीने में ही इसमें चालान पेश कर दिया जाएगा।

### यह गुस्सा नहीं, बीमारी है

तीनों गंभीर अपराधों को लेकर मनोचिकित्सकों का कहना है कि यह अपराध नॉर्मल गुस्से में नहीं किए गए हैं, एक तरह की बीमारी है, जिसे सायकोटिक बिहेवियर कहा जाता है। जिसमें दिमाग में केमिकल इ्बैलेंस होने से कोई भी व्यक्ति इस तरह का व्यवहार करता है। कोई भी व्यक्ति नॉर्मल स्थिति में इस तरह का नहीं होता है। उनके दिमाग में जो चल रहा होता है, उस पर काबू नहीं होने से मरने-मारने पर उतारू हो जाते हैं।

### पिता की दरिंदगी की कई मासूम हुई शिकार

इन गंभीर हत्याओं के अलावा शहर में पिता की दरिदंगी की कई मासूम बालिकाएं भी शिकार हो चुकी है। हाल में ही ऐरोड्रम पुलिस ने चार साल की मासूम बच्ची के साथ गंदी हरकत करने वाले पिता के खिलाफ केस दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर कार्रवाई की।इसी तरह अन्य और भी खौफनाक घटनाएं हैं, जिनमें मासूमों के साथ उनके पिता या किसी अपने ने ही दरिंदगी की। हालांकि सभी मामलों में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तर कर लिया।

||-२१७||
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

हमारे अन्दर के लोह तत्व को
मजबूत रखने के लिए
तीन चीजे दी गयी हैं,
संयम, तप और श्रम...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### सुदर्शन अग्रवाल



**(जन्म- 19 जून, 1931 ई., लुधियाना पंजाब)** उत्तराखंड और सिक्किम के पूर्व राज्यपाल रह चुके हैं। वर्तमान समय में ये 'जिंदल पुरस्कार' प्रदान करने वाले निर्णायक मंडल में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त हैं। सुदर्शन अग्रवाल के व्यतित्त्व के अनेक गौरवशाली पहलू रहे हैं। सुदर्शन अग्रवाल ने प्रथम श्रेणी में क़ानून की डिग्री प्राप्त की। ये 1981 से 1993 तक राज्य सभा के महासचिव के पद को सुशोभित कर चुके हैं। ये 'दिल्ली जिमखाना क्लब' के अध्यक्ष भी रहे। यही नहीं वे 'सांस्कृतिक केन्द्र संस्कृति प्रतिष्ठान' के ट्रस्टी भी रह चुके हैं। सुदर्शन अग्रवाल पिछले 45 वर्षों से रोटेरियन हैं। वे भारत के 'रोटरी क्लब' के पूर्व अध्यक्ष हैं और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर तथा रोटरी इंटरनेशनल की कई समितियों के सदस्य और अध्यक्ष के पद को भी सम्मानित कर चुके हैं। अंतराष्ट्रीय मानवीय और शैक्षिक कार्यक्रमों के संबंध में उनकी अनुकरणीय सेवाओं और इनका समर्थन करने के लिए रोटरी फ़ाउंडेशन द्वारा उन्हें अनेक प्रशस्ति-पत्रों से सम्मान प्रदान किया गया है।

## संपादकीय

### हिंसा रोकना चुनौती

पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान हिंसा की दो मुख्य वजहें हो सकती हैं। एक तो वहां बड़े पैमाने पर गरीबी और दूसरे, लोगों में राजनीतिक जागरूकता। यह स्थिति लगभग बिहार में भी है। वहां भी चुनाव के दौरान हिंसा की घटनाएं होती ही हैं। राजनीतिक दलों को इसका लाभ मिलता है। इसलिए कभी किसी राजनीतिक दल को अपने कार्यकर्ताओं से संयम और विवेकपूर्ण व्यवहार करने की अपील करते नहीं सुना जाता। फिर, राजनीति में बाहुबल के बढ़ते प्रभाव की वजह से भी इस तरह के लोगों को अपनी शक्ति के प्रदर्शन का मौका मिल जाता है। दरअसल पश्चिम बंगाल में राजनीति और हिंसा जैसे एक-दूसरे की पर्याय बन चली हैं। छोटा-मोटा चुनाव भी बिना हिंसा के संपन्न नहीं हो पाता। वहां अगले महीने पंचायत चुनाव होने हैं। उसके लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी दौरान आठ जिलों में हिंसा की घटनाएं हुईं, जिसमें तीन लोगों की हत्या कर दी गई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में वहां और कितनी हिंसक घटनाओं की आशंका हो सकती है। हालांकि वहां पंचायत चुनावों में सुरक्षा की दृष्टि से केंद्रीय बलों की तैनाती शुरू हो गई है। मगर इससे हिंसा कितनी रुक पाएगी, कहना मुश्किल है। इसे रोकने के लिए राज्य सरकार को दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करनी होगी, जिसके लक्षण अभी तक नजर नहीं आ रहे। दरअसल, वहां की राजनीतिक पार्टियां हिंसा के बल पर ही अपना जनाधार मजबूत बनाने का प्रयास करती रही हैं। यह अकेले ममता बनर्जी सरकार की बात नहीं है, कम्युनिस्ट शासन में भी हिंसा की घटनाओं में कोई कमी नहीं देखी गई थी। छिपी बात नहीं है कि इस तरह हिंसक घटनाओं को अंजाम देने वालों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होता है। सत्तापक्ष वाले उपद्रवियों को पूरा भरोसा रहता है कि उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। इसका उदाहरण खुद ममता बनर्जी हैं। जब वे पहली बार मुख्यमंत्री बनी थीं और किसी आरोप में पुलिस ने उनके कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया, तो वे खुद थाने पहुंच गई थीं और पुलिस को फटकार लगाते हुए अपने समर्थकों को छुड़ा लाई थीं। दूसरे राजनीतिक दल भी इसी तरह अपने लोगों की सुरक्षा में घेरा बनाए देखे जाते हैं। वहां हर मुहल्ले में युवाओं के खेल आदि से जुड़े संगठन हैं, वे भी राजनीतिक आधार पर बने हैं। इसलिए उनमें लगातार तनाव की स्थिति बनी रहती है। सबके बीच कुछ पुरानी दुश्मनियां चल रही होती हैं और वे बदले की ताक में रहते हैं।

## अर्ज़ किया है..!

*कुछ लोग जो सवार हैं*
*काग़ज़ की नाव पर*
*तोहमत तराशते हैं*
*हवा के दबाव पर*

-एहसान दानिश

## सैर सपाटा

# विदेश की तरह दिखती हैं ये भारतीय जगह

## झील और पहाड़ का नजारा दिखता है शानदार



भारत को विविधता का देश कहा जाता है। यहां के राज्यों, शहरों और गांवों में आपको अलग-अलग संस्कृती और परंपराएं देखने को मिल जाएंगी। भारत देश का अपना एक इतिहास है। प्रकृति से पूर्ण इस देश में घूमने के लिए काफी सारी जगह हैं। कुछ जगह इतिहास से जुड़ी हैं तो वहीं कुछ का अपना रहस्य है। आपको ये जानकर हैरानी होगी की भारत में कुछ ऐसे शहर और गांव हैं, जो पूरी तरह से विदेशी शहरों की तरह लगते हैं। अगर आप विदेश जाना चाहते हैं लेकिन बजट के कारण खुद को रोक रहे हैं तो स्ट्रेस ना लें क्योंकि आप इन खूबसूरत जगहों का रुख कर सकते हैं जो बिल्कुल विदेश की तरह दिखती हैं। तो चलिए जानते हैं ऐसी 5 जगहों के बारे में-

### ● अल्लेप्पी

केरल के अल्लेप्पी को भारत का वेनिस कहा जाता है। जैसे वेनिस में आप शांत नहरों का मजा लेते हैं वही आनंद आप अल्लेप्पी में ले सकते हैं। यहां शांत हाउसबोट का मजा लें। इनमें बैठकर आप हरी-भरी हरियाली का सुंदर नजारा देख सकते हैं। अगर आप यहां घूमने का प्लान बना रहे हैं तो ध्यान रखें कि तेज गर्मी के मौसम में यहां जाने से बचें।

### ● अंडमान निकोबार

हनीमून के लिए मालदीव जाना चाहते थे लेकिन पासपोर्ट की वजह से नहीं जा सके हैं। तो फिक्र ना करें, क्योंकि अंडमान निकोबार आइलैंड में भी आपको मालदीव जैसे खूबसूरत नजारे देखने मिन जाएंगे। यहां आप किसी भी अच्छे रिसॉर्ट में रुककर नीले पानी को घंटों निहार सकते हैं और अपने पार्टनर के साथ यहां के खूबसूरत नजारों को एंजॉस कर सकते हैं।

### ● पुडुचेरी

फ्रांस एक रोमांटिक जगह है, जहां जाना अधिकतर हर कपल का सपना होता है। अगर आप भी फ्रांस घूमने के सपने देख रहे हैं लेकिन बजट के कारण खुद को रोक रहे हैं तो आप पुडुचेरी जाएं। फ्रेंच वाइब्स के लिए ये जगह बेहतरीन है। अच्छी बात यह है कि यहां भीड़ भी काफी कम होती है। इस जगह को भारत का मिनी फ्रांस कहा जाता है। यहां के खाने से लेकर संस्कृति तक सब कुछ काफी अलग है।

### ● खज्जियार

अगर आप दिल्ली या फिर दिल्ली के आसपास कहीं रहते हैं तो आप भारत के मिनी स्विट्जरलैंड को देखने जरूर जाएं। इस जगह पर आप वीकेंड पर जा सकते हैं। हिमाचल प्रदेश के चंबा उप जिले में स्थित खज्जियार में आपको स्विट्जरलैंड जैसे खूबसूरत नजारे देखने को मिल जाएंगे। पार्टनर के साथ इस जगह को एक्सप्लोर करने के लिए जरूर जाएं।

### ● कुर्ग

कुर्ग कर्नाटक राज्य में एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, जिसे 'भारत का स्कॉटलैंड' भी कहा जाता है। घूमने फिरने के नजरिए से देखें तो ये जगह शानदार है। यहां घूमने के लिए एक से बढ़कर एक वॉटरफॉल्स हैं। इस जगह पर आप खूबसूरत नजारों को पार्टनर के साथ एंजॉय कर सकते हैं।

## Highlights

1. Holiday declared in schools in 6 TN districts amid heavy rain
2. No solid proof linking death of 54 people to heatwave: Ballia DM
3. 'Will make Gurbani telecast free,' says Punjab CM, SGPC opposes
4. No Muslim in India descendant of Aurangzeb: Maharashtra Dy CM
5. Gandhi Peace Prize awarded to 100-yr-old Gita Press by PM Modi-led jury
6. Passenger shows piece of polythene bag in food in Vande Bharat train; Railways replies

# Maharashtra woos UK companies for next phase of investment in state

**NEW DEIHI, (Agency).** Days after the Maharashtra government's new IT/ITES Policy 2023 was announced, with a focus on promoting innovation in emerging technologies as well as additional subsidies, the state is in talks with companies in the UK for investment.

Maharashtra minister of industries Uday Samant confirmed to HT on the sidelines of the London Tech Week 2023 that the focus will be on promoting innovation of tech, support for start-ups, and a special focus on semiconductor manufacturing.

The state is taking a unique approach towards attracting investment, something Samant points out, which blends state incentives in addition to the ones provided by the centre, along with infrastructure projects and simplification of approvals in the state. "We are open to having a customized package of incentives. It is like window shopping where investors speak with other states also," he says.




Maharashtra wants more UK companies to set up manufacturing facilities and innovation centres in the state. At this time, British companies, including Vodafone, fintech company Revolut, telecom operator BT, banking giants Standard Chartered and HSBC as well as digital infrastructure company Colt, already have a presence in the state.

"We have 293 industrial areas in the state now, of which 143 are large ones," says Vipin Sharma, who is the CEO of the Maharashtra Industrial Development Corporation (MIDC).

The focus is on readying infrastructure projects which make the state more attractive for investment. This includes the Delhi-Mumbai industrial corridor, the upcoming Vadhavan Port and the Samruddhi Mahamarg expressway across the state, to name a few.

"First we say, come to India. Then we say if you decide to come to India, invest in Maharashtra," says Deependra Singh Kushwah, who is the Development Commissioner (Industries) & Export Commissioner for the Government of Maharashtra.

For Maharashtra, the focus areas with the new IT Policy are the manufacturing of semiconductors, fintech, and automotive manufacturing, including localised battery production and start-ups. "Mumbai is the FinTech hub of the country," says Samant.

# Bloomberg Opinion: Why doesn't Adani disclose potential conflicts?

**NEW DEIHI, (Agency).** It is no secret that most Indian firms starting off as family-run businesses never outgrow their past. Even after they become large and go public, the controlling shareholders, their kith and kin and their private firms are usually the first port of call as suppliers, contractors, advisers and buyers, often to the detriment of minority investors.

Adani Ports & Special




Economic Zone Ltd.'s acquisition of 75% of Krishnapatnam Ports closed in October 2020; Adani Green Energy Ltd.'s solar joint venture with TotalEnergies SE kicked off the same year. (MINT_PRINT)

Adani Ports & Special Economic Zone Ltd.'s acquisition of 75% of Krishnapatnam Ports closed in October 2020; Adani Green Energy Ltd.'s solar joint venture with TotalEnergies SE kicked off the same year. (MINT_PRINT)

Over the last eight years, the country has adopted — and frequently tweaked — a comprehensive set of regulations around disclosing related-party transactions. But is the spirit of the law filtering into corporate behavior? Maybe not. Views in the financial and legal community differ, but at least some experts I spoke to believe that India's No. 1 infrastructure player, which has been in the eyes of a governance storm this year, should have been more forthcoming about doing business with a legal firm where Paridhi Adani, the chairman's daughter-in-law, is a partner.

## New Delhi

# यूपी से बिहार तक हीट वेव का कहर, बलिया में 57 तो बिहार में 44 ने तोड़ा दम, 5 राज्यों में भीषण गर्मी का अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** एक ओर गुजरात और राजस्थान में तेज बारिश हो रही है, तो वहीं उत्तर प्रदेश से बिहार तक भीषण गर्मी का कहर जारी है. दोनों राज्यों में हीट वेव मौत बनकर टूटी है. जहां यूपी के बलिया में पिछले 4 दिन में 57 लोगों ने दम तोड़ा है. तो वहीं बिहार में 24 घंटे में 44 लोगों की मौत हुई है. इनमें से पटना में अकेले 35 की जान गई है. यूपी में मौत की वजह का पता लगाने के लिए लखनऊ से स्वास्थ्य विभाग की एक टीम बलिया पहुंच गई है. इसी बीच देश के 5 राज्यों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है.

बलिया के जिला अस्पताल में भले ही चार दिनों में 57 लोगों की जान गई हो लेकिन बलिया के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. जयंत कुमार का दावा है कि जिले में सिर्फ दो लोगों की मौत हीट स्ट्रोक (लू) से हुई है. लखनऊ से बलिया पहुंचे संचारी रोग निदेशक डॉ ए के सिंह और मेडिकल केयर डायरेक्टर के एन तिवारी ने जिला अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण किया. हालांकि, उन्होंने बुजुर्ग मरीजों की मौत की प्रमुख वजह गर्मी होने से इनकार किया.



जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ दिवाकर सिंह को मौत की वजह के बारे में कथित तौर पर लापरवाह टिप्पणी करने के बाद हटा दिया गया और आजमगढ़ भेज दिया गया. उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि गर्मी की वजह से अस्पताल में 20 से अधिक मरीजों की मौत हो गई.

डॉ एसके यादव को उनकी जगह नया सीएमएस बनाया गया है. CMO जयंत कुमार ने बताया कि रिकॉर्ड के मुताबिक, 54 मौतों में से 40% मरीजों को बुखार था, जबकि 60% अन्य बीमारियों से पीड़ित थे. अभी तक जिले में लू से सिर्फ दो लोगों की मौत हुई है. CMS यादव ने बताया कि अस्पताल पर दबाव बढ़ रहा है.

## Jammu & Kashmir

### डोडा-रामबन, किश्तवाड़ व लद्दाख में 24 घंटे में भूकंप के छह झटके, लद्दाख में 4.5 की तीव्रता दर्ज

**जम्मू, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में पिछले 24 घंटे में भूकंप के छह झटके दर्ज किए गए। शनिवार रात रामबन, डोडा व किश्तवाड़ में झटके लगने के बाद डोडा और लद्दाख में रविवार तड़के भी भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 रही। इसका केंद्र डोडा जिला रहा।**

सबसे ज्यादा तीव्रता वाला भूकंप 4.5 का था, जिसका केंद्र लद्दाख का लेह जिला था। हालांकि इससे किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार डोडा जिले में धरती से 11 किलोमीटर नीचे हलचल पाई गई है। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के अनुसार रविवार की सुबह लेह में 4.1 तीव्रता का पहला झटका 3:50 बजे लगा।

दूसरा सुबह 5:22 बजे महसूस किया गया। इससे पहले शनिवार को 3.0 की तीव्रता वाला पहला भूकंप रामबन में दोपहर 2:03 बजे, दूसरा लद्दाख में 4.5, तीसरा भूकंप, डोडा में 4.4 और चौथा किश्तवाड़ में रात 9:55 बजे आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.4 दर्ज की गई थी।

भूकंप के पहले झटके ने लोगों की नींद तोड़ दी। लोग खुले मैदानों में निकल आए। लोग खौफजदा दिखे। कई दिन से लग रहे झटकों से लोगों के चेहरों पर डर साफ देखा जा सकता था।

## Bihar

### पटना में छात्र की गोली मारकर हत्या, मारपीट के दौरान चली गोली, परिवार में पसरा मातम

**पटना, (एजेंसी)** राजधानी पटना के शाहपुर थाना के सिकंदरपुर बांध पर रविवार की शाम हुई मारपीट के दौरान एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंचे उसके दोस्त गंभीर रूप से जख्मी दोस्त को स्कूटी से अनुमंडलीय अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गोली लगने की खबर पाकर मृतक की मां इंदू देवी अस्पताल पहुंची। सूचना पर शाहपुर पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, शाहपुर थाना क्षेत्र के रघुरामपुर टोला निवासी राज कुमार साव के पुत्र ईशु कुमार उर्फ राजा (19) घर से शाम पांच बजे निकला था। उसका चांदमारी के कुछ लड़कों के साथ विवाद हुआ था। दोस्त पंकज ने बताया कि ईशु ने फान कर बोला था कि झगड़ा हो गया है जल्दी आओ।

## Uttarpradesh

### बर्थडे पार्टी में हुई बहसबाजी, 12वीं के छात्र का बेरहमी से कत्ल

**लखनऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बर्थडे पार्टी के बीच कत्ल का सनसनीखेज मामला सामने आया है. हैरान करने वाली बात यह है कि कत्ल के पीछे की वजह महज एक हजार रुपए का लेनदेन है. साथ ही वारदात को अंजाम देने वाला शख्स और मृतक दोनों आपस में दोस्त हैं. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम आकाश तो वहीं आरोपी का नाम अभय प्रताप सिंह है. वारदात को जय जायसवाल नामक लड़के के यहां अंजाम दिया गया. जय ने ही अपने जन्मदिन पर बर्थडे पार्टी का आयोजन किया था. पार्टी में उसने अपने कई दोस्तों को बुलाया था. आकाश अपने दोस्तों अविनाश और ऋषभ के साथ यहां आया था.

पार्टी के दौरान ऋषभ के पास उसके दोस्त अभय प्रताप का फोन आया. अभय ने ऋषभ से कहा कि उसने उसे जो एक हजार रुपए दिए थे, वह उसे ऑनलाइन ट्रांसफर कर दे. ऋषभ, अभय को उसके पैसे वापस लौटाने ही वाला था कि तभी वहां जय जायसवाल आ गया. उसने ऋषभ से कहा कि उसे अभय को पैसे लेने हैं. इसलिए वह अभय को देने वाले पैसे जय को दे दे और अभय को यह बात फोन पर बता दे. जय के साथ बातचीत खत्म होने के बाद ऋषभ ने अभय प्रताप को फोन किया और उसे बताया कि उसने पैसे जय को दे दिए हैं.

## खेल

# पांच साल बाद इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता भारत, लेबनान को हराया, सुनील छेत्री ने किया एक गोल

**भुवनेश्वर, (एजेंसी) भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने पांच साल बाद इंटरकॉन्टिनेंटल कप टूर्नामेंट जीत लिया है। उसने रविवार (18 जून) को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में लेबनान को 2-0 से हराया। भारत के लिए इस मैच में कप्तान सुनील छेत्री ने पहला गोल किया। उनके बाद लल्लियांजुआला छंगटे ने दूसरा गोल किया।**

इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। पिछली बार उसने 2018 में इस टूर्नामेंट को जीता था। वहीं, 2019 में दूसरे संस्करण में उत्तर कोरिया की टीम चैंपियन बनी थी। तब भारत सबसे अंतिम चौथे स्थान पर रहा था। 2019 के बाद कोरोना महामारी के कारण यह टूर्नामेंट आयोजित नहीं हो सका था। यह इंटरकॉन्टिनेंटल कप का तीसरा संस्करण है और भारत दूसरी बार चैंपियन बना है।



दोनों टीमों ने मैच की शुरुआत मजबूत तरीके से की। शुरुआत 45 में एक भी गोल नहीं हुआ। लेबनान की टीम कुछ अच्छे मौके जरूर बनाए, लेकिन भारतीय डिफेंस को नहीं भेद सके। डिफेंस में टीम इंडिया ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन भारत ने इस हाफ में गोल के कई मौके भी गंवाए।

दूसरे हाफ की शुरुआत भारतीय टीम ने धमाकेदार अंदाज में की। सुनील छेत्री ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही पहला गोल दाग दिया। उन्होंने छंगटे के पास पर 46वें मिनट में स्कोर कर दिया। इसके बाद छंगटे ने भारत की बढ़त को 61वें मिनट में दोगुना कर दिया। उन्होंने मैच में एक असिस्ट और एक गोल किया। छंगटे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

सुनील छेत्री ने कहा, ''पिछले मैच में हम लेबनान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। ऐसे में फाइनल में बहुत लोगों को लग था कि हम फाइनल में लेबनान को नहीं हरा पाएंगे, लेकिन हमने अच्छा खेला और दो गोल के अंतर से जीत हासिल की। कोचिंग स्टाफ ने शानदार काम किया है।''

जीत के बाद कोच इगोर स्टीमेक ने टीम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैच के दूसरे हाफ में खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल दिखाया। स्टीमेक के मुताबिक पिछले पांच दशक में भारतीय फुटबॉल टीम द्वारा खेला गया सबसे बेहतरीन 45 मिनट थे। उन्होंने कहा कि पहले हाफ में हमने कुछ मौके गंवाए, लेकिन दूसरे हाफ में खिलाड़ियों ने आक्रामकता दिखाई। क्लीन शीट (एक भी गोल नहीं खाना) बहुत ही सुखद होता है। हमने एक भी गोल अपने पाले में नहीं जाने दिया।

## सिनेमा

### 'आदिपुरुष' : काठमांडू में भारतीय फिल्मों के बैन को नेपाल सरकार ने बताया गलत



'आदिपुरुष' सहित भारतीय फिल्मों के काठमांडू में बैन को अब नेपाल सरकार ने भी गलत बताया है। दरअसल आदिपुरुष फिल्म में सीता को भारत की बेटी बताने पर नेपाल की राजधानी काठमांडू के मेयर बालेन शाह ने आपत्ति जताई। कई जगह फिल्म को लेकर विरोध प्रदर्शन भी हुआ। जिसके बाद काठमांडू के सिनेमाघरों में फिल्म की स्क्रीनिंग रोक दी गई। अब पहली बार नेपाल सरकार ने 'आदिपुरुष' पर चल रहे विवाद को लेकर आधिकारिक बयान दिया है। संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि फिल्म से विवादित डायलॉग हटने और सेंसरबोर्ड से अनुमति मिलने के बाद भी स्क्रीनिंग पर रोक चिंताजनक। सहायक प्रवक्ता विशाल सपकोटा के जारी किए गए बयान में कहा गया है कि जानकी राष्ट्रीय आइकन हैं। 31 मई को फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान एक डायलॉग हटाने के लिए कहा गया था। डायलॉग में उन्हें भारतीय बेटी के रूप में बताया गया और उसके बाद इसे सेंसर बोर्ड का सर्टिफिकेट दिया गया और सार्वजनिक स्क्रीनिंग की अनुमति दी गई। 'आदिपुरुष' विवाद के बाद काठमांडू में भारतीय फिल्मों को बैन करने के लिए खिलाफ सरकार ने बयान जारी किया। सेंसर बोर्ड ने ओम राउत की फिल्म 'आदिपुरुष' के डायलॉग को हटा दिया और स्क्रीनिंग की अनुमति दे दी लेकिन काठमांडू के मेयर बालेन शाह ने घोषणा की थी कि वह काठमांडू के थियेटर में रिलीज को तब तक रोकेंगे जब तक कि भारत में भी ऐसा रिलीज नहीं किया जाता।

# बेटी को सांप ने काटा, पिता ने लिया बदला

## बेटी की मौत हुई तो पिता ने सांप को बिल से निकालकर जिंदा ही जला दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तिल्लोर में 4 साल की एक बच्ची की सांप के काटने से मौत हो गई। उसे उपचार के लिए रविवार शाम को एमवाय अस्पताल लाए। यहां डॉक्टरों ने उसे एंटी स्नैक वेनम देकर उपचार शुरू किया। लेकिन शरीर में जहर फैल जाने से उसकी मौत हो गई। परिवार शाम को शव लेकर चले गए। सांप घर में ही बिल बनाकर छुपा हुआ था। जिसे पिता ने निकालकर जिंदा ही जला दिया।**

खुडैल पुलिस के मुताबिक घटना रविवार सुबह की है। यहां माता-पिता के पास सो रही चार साल की अंजलि को उसके परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। उसे तेज बुखार आ रहा था। अंजलि के परिजनों ने बताया उसे चूहे ने काट लिया था। इसके बाद से ही उसका शरीर गर्म होने लगा।

खुडैल के डॉक्टरों ने चेकअप के बाद बताया कि उसे जहरीले जानवर ने काटा है। उसे इंदौर के एमवाय अस्पताल रैफर कर दिया। कुछ देर बाद बच्ची को परिजन एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### पिता और परिवार ने लोगों ने ढूंढा सांप

पुलिस के मुताबिक पिता ने घर पहुंचकर चूहे का बिल देखा। यहां खुदाई की तो अंदर से करीब ढाई फीट लंबा सांप छिपा हुआ था। उसे बाहर निकालकर लाठी से मारकर घायल कर दिया। बाद में उसे खेत में ही जला दिया।

### पहले लगा नींद में चमक गई

पिता के मुताबिक बच्ची हमारे पास सो रही थी। वह रविवार सुबह करीब छह बजे के लगभग रोने लगी थी। उन्हें लगा कि वह नींद में डर गई। उसे सुलाने की कोशिश की तो उसने बताया एक हाथ में दर्द हो रहा है। यहां उसे हाथ में काटने का निशान था। परिवार को लगा कि चूहे ने काटा है। करीब दो घंटे बाद बच्ची को तेज बुखार आया। जिसके बाद उसे लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे। अंजलि के परिवार में उसका दो साल का भाई रवि है। माता-पिता मजदूरी करते हैं।

# खेत की मेढ़ को लेकर विवाद, 4 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खुडैल में खेत की मेढ़ को लेकर दो पक्षों में जमकर हत्यार चले जिसमें 4 लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ बलवा की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार घटना ग्राम दूधिया क्षेत्र की है। यहां पर खेत की मेढ़ को लेकर दीपक पिता शांति लाल जाट और निर्मला पति भेरूलाल के परिवार आमने-सामने हो गए। दोनों परिवार के बीच हथियार चल गए जिसमें 4 लोग घायल हो गए । पुलिस ने बताया कि खेत के मेढ़ पर बिजली के पोल लगाने को लेकर उनके बीच संघर्ष हुआ। दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

इसी प्रकार बेटमा थाना अंतर्गत भोजपुरी कॉलोनी में रहने वाले रमेश पिता ओंकार लाल मौर्य और जगदीश पिता देवीदयाल चौधरी के बीच पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हो गई इस पर दोनों के परिवार के लोग आमने-सामने आ गए और एक दूसरे पर हमला कर दिया जिसमें 2 लोग घायल हो गए। बेटमा पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# तिंछाफॉल में डूबने से दो दोस्तों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सिमरोल थाना अंतर्गत पिकनिक स्थल टिंचा फॉल के कुंड में डूबने से इंदौर के दो दोस्तों की मौत हो गई । दोनों अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए थे ।**

जानकारी के अनुसार न्यू कृष्णा बाग कॉलोनी में रहने वाले निहाल पिता सतीश वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वहां अपने दोस्तों के साथ रविवार शाम 4 बजे वहां पहुंचे थे। उसके मुताबिक हम सभी कुंड के पास नहा कर निकल गए थे इसके बाद साथ ही सुजल 17 वर्ष और पीयूष 21 साल दोबारा कुंड में नहाने उतर गए और पैर फिसलने से कुंड के अंदर जा गिरे तत्काल हमने वहां मौजूद चौकीदार और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से दोनों को बाहर निकाला तब तक इनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पंचनामा बनाकर दोनों के शव को इंदौर के अस्पताल भेजा गया। सिमरोल टीआई मंसाराम बघेल के मुताबिक हादसा शाम 5:40 बजे के लगभग का है। बघेल ने बताया कि न्यू कृष्ण बाग कॉलोनी में रहने वाले 5 दोस्त पिकनिक मनाने आए थे और कुंड के पास जा रहे थे इन्हें पुलिसकर्मी ने रोका मगर इन्होंने उसकी बात को नजरअंदाज कर दिया और दो दोस्तों हादसे का शिकार हो गए। सिमरोल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# ठेकेदार युवक की पत्थर मारकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर से महेश्वर गए ठेकेदार युवक की हत्या कर दी गई। मृतक का नाम श्याम है। वह आजाद नगर में रहता है। वह महेश्वर के घाट पर नहाने गया था। इस दौरान ग्रामीणों से विवाद हो गया। ग्रामीणों ने उसके सिर में पत्थर से वार कर दिया। इससे उसे गहरी चोट आई। उपचार के लिए श्याम के साथी तत्काल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के हमले में श्याम का एक रिश्तेदार भी घायल हुआ है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

**मामला बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज का ...**

# पुलिस अधिकारियों के हुए बयान

### ● आज कार्यकर्ताओं के बयान लेंगे एडीजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज के मामले में एडीजी विपिन माहेश्वरी के इंदौर पहुंचने के बाद जांच शुरू हो गई। पुलिस के लाठीचार्ज में हिन्दू संगठन के कई पदाधिकारी घायल हुए हैं। राजेश बिंजवे तो अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मामले की जांच एडीजी स्तर के अधिकारी से करवाने की बात कही,उसके बाद एडीजी विपिन माहेश्वरी इंदौर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अफसरों के बयान ले लिए हैं। सोमवार को हिन्दू संगठन बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बयान होंगे।

लाठीचार्ज के दूसरे ही दिन मामले में पलासिया थाना प्रभारी संजयसिंह बैस और डीसीपी धर्मेंद्र भदौरिया पर कार्रवाई हो चुकी है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बयान दर्ज करने से पहले एडीजी विपिन माहेश्वरी ने तत्कालीन डीसीपी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया और एडिशनल डीसीपी राजेश राजेश रघुवंशी के साथ घटनास्थल पर मौजूद सभी थाना प्रभारियों के बयान दर्ज किए हैं। एडीजी ने पुलिस टीम से ये भी सवाल किया है कि तीन घंटे तक प्रदर्शन होता रहा इस दौरान हालात पर काबू क्यों नहीं किया गया। आखिरकार लाठीचार्ज की स्थिति क्यों निर्मित हुई। इस दौरान अफसर तरह तरह के तर्क देते नजर आए।

### 11 लोग दर्ज कराएंगे बयान, एक अभी भी भर्ती

मामले को लेकर एडीजी सोमवार को दोपहर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं के बयान लेंगे। 12 लोगों की सूची दी गई थी। सभी को नियमानुसार लिखित में पत्र दे दिए गए हैं। संभावना है कि इस मामले में हिन्दू संगठन के 11 लोग बयान देने पहुंच जाएंगे। राजेश बिंजवे के अस्पताल में भर्ती होने के कारण वे बयान देने नहीं जा पाएंगे। संभावना है कि अस्पताल में ही उनके बयान दर्ज किए जाएं क्यों कि एडीजी को जल्द ही मामले की रिपोर्ट तैयार करना है।

### अन्य पुलिस अधिकारियों पर भी हो सकती है कार्रवा

इस रिपोर्ट के बाद कुछ पुलिसकर्मियों पर और गाज गिरने की संभावना है। दरअसल चक्का जाम और लाठी चार्ज के मामले में हिन्दू संगठन का कहना है कि डीसीपी धर्मेन्द्र भदौरिया, एसीपी पूर्ति तिवारी,टी आई पलासिया संजयसिंह बैस, टी आई संयोगितागंज तहजीब काजी, टी आई तुकोगंज कमलेश शर्मा, टी आई एमजी रोड संतोष यादव ,टी आई छोटी ग्वालटोली राकेश मोदी, थाना संयोगितागंज प्रधान आरक्षक मनीष तिवारी एवं इन समस्त थाने के उपस्थित स्टाफ ने दुर्भावनापूर्वक गाली गलौज करते हुए हमला किया था। इनके खिलाफ केस दर्ज किया जाना चाहिए। माना जा रहा है कि मामले की जांच पूरी होने के बाद इन पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

# दो पुलसिकर्मी लाइन अटैच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रिश्वत लेने के मामले में विजय नगर थाने के एसआइ संजय धुर्वे और सिपाही मुकेश लोधी को डीसीपी जोन-2 अभिषेक आनंद ने लाइन अटैच कर दिया है। विजय नगर थाना के पुलिसकर्मियों ने तीन बच्चों को पकड़ा था। आरोप लगाया कि बच्चे मेघदूत चौपाटी पर आनलाइन जुआ खेल रहे थे। एक बच्चे के पिता की कोरोना में मृत्यु हो गई है।**

पुलिस पर आरोप है कि उसके चाचा आशीष जादौन से एसआइ धुर्वे ने 20 हजार रुपये मांगे। आशीष ने एटीएम से रुपये निकालकर रिश्वत दी। इसके बाद आशीष जादौन ने पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर को शिकायत कर दी। अफसरों ने जांच करवाई और थाने के सीसीटीवी फुटेज निकाले गए। आशीष रुपयों से भरा बैग देते हुए नजर आ गया। डीसीपी ने दोनों को निलंबित कर दिया। पकड़ने वाले खुफिया सेल के पुलिसकर्मियों की जांच चल रही है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।